रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में गतिमान आवेशित कण के प्रक्षेप पथ की आकृति क्या हो सकती है?

**Ans**
✗ 1. अतिपरवलयिक पथ
✓ 2. कुंडलिनी पथ
✗ 3. दीर्घवृत्तीय पथ
✗ 4. परवलयिक पथ

**Q.2** 2025 के कान्स फिल्म महोत्सव में, किसे लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए मानद पाल्मे डी'ओर (Honorary Palme d'Or) से सम्मानित किया गया?

**Ans**
✓ 1. रॉबर्ट डी नीरो (Robert De Niro)
✗ 2. डेन्ज़ेल वाशिंगटन (Denzel Washington)
✗ 3. क्वेंटिन टैरेंटिनो (Quentin Tarantino)
✗ 4. लियोनार्डो डिकैप्रियो (Leonardo DiCaprio)

**Q.3** किस भारतीय संस्थान के वैज्ञानिकों ने कोशिकीय 'मैसेंजर (messenger)' के रहस्य को उजागर किया है जो अल्जाइमर और मधुमेह के इलाज में मदद कर सकता है?

**Ans**
✗ 1. IIT दिल्ली
✗ 2. AIIMS नई दिल्ली
✗ 3. IIT खड़गपुर
✓ 4. IISc बेंगलुरु

**Q.4** 1990 में शुरू की गई, मानव जीनोम प्रोजेक्ट का लक्ष्य मानव DNA को बनाने वाले कितने अरब क्षारक युग्मों के अनुक्रम का निर्धारण करना था?

**Ans**
✗ 1. 5.2 अरब
✓ 2. 3.0 अरब
✗ 3. 2.1 अरब
✗ 4. 4.3 अरब

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा, 1857 से पहले के जन विद्रोहों का प्रमुख कारण नहीं था?

**Ans**
✓ 1. लोगों का ईसाई धर्म में धर्मांतरण।
✗ 2. स्वदेशी उद्योगों का विनाश।
✗ 3. भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा ग्रामीण समाज का शोषण।
✗ 4. औपनिवेशिक भू-राजस्व बंदोबस्त।

Q.6 3 मई 2025 को DRDO ने किस राज्य में अपने स्वदेशी स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म (SAP) का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया?

Ans
- ✗ 1. राजस्थान
- ✗ 2. ओडिशा
- ✓ 3. मध्य प्रदेश
- ✗ 4. गुजरात

Q.7 1919 अधिनियम के संदर्भ में 'द्वैध शासन' का क्या अर्थ है?

Ans
- ✓ 1. प्रांतों में दोहरा नियंत्रण
- ✗ 2. केंद्रीकृत शासन
- ✗ 3. द्वैध राजतंत्र प्रणाली
- ✗ 4. न्यायपालिका और विधायिका को शक्तियाँ

Q.8 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, सूचना के अधिकार (RTI) को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार से जोड़ता है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 21
- ✗ 2. अनुच्छेद 15(1)(b)
- ✓ 3. अनुच्छेद 19(1)(a)
- ✗ 4. अनुच्छेद 32

Q.9 1994 में, भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में इंफोसिस (Infosys) की स्थापना की गई थी?

Ans
- ✗ 1. हैदराबाद
- ✗ 2. कोलकाता
- ✓ 3. बेंगलुरु
- ✗ 4. मुंबई

Q.10 CPU के अंदर कंट्रोल यूनिट (Control Unit) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. अक्सर उपयोग किए जाने वाले डेटा को संग्रहीत करना
- ✓ 2. निर्देशों और डेटा के प्रवाह को निर्देशित करना
- ✗ 3. अंकगणितीय गणना करना
- ✗ 4. बाह्य डिवाइस कनेक्शन को मैनेज करना

Q.11 जनवरी 2025 में दो कृत्रिम उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक डॉक करने वाला कौन-सा, चौथा राष्ट्र बन गया है?

Ans
- ✗ 1. अमेरिका
- ✗ 2. चीन
- ✗ 3. रूस
- ✓ 4. भारत

Q.12 106वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2023 की मुख्य विशेषता क्या है?

Ans
- ✗ 1. उपाधियों का उन्मूलन
- ✓ 2. विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण
- ✗ 3. संपत्ति के अधिकार को कानूनी दर्जा प्रदान करना
- ✗ 4. लोकपाल की स्थापना

Q.13 भारत के पश्चिमी घाट और उत्तरपूर्वी पहाड़ियां मुख्य रूप से किस प्रकार की प्राकृतिक वनस्पति से आच्छादित हैं?

Ans
- ✓ 1. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
- ✗ 2. उष्णकटिबंधीय कंटक वन
- ✗ 3. पर्वतीय वन
- ✗ 4. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

**Q.14** पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत, अनुसूचित क्षेत्रों के संबंध में राज्य के राज्यपाल को कौन-सा प्राथमिक अधिकार प्रदान किया गया है?

**Ans**
- ✗ 1. अनुसूचित क्षेत्रों से संसद सदस्यों की नियुक्ति करने का अधिकार
- ✗ 2. राज्य विधान सभा को भंग करने की शक्ति
- ✗ 3. अनुसूची संशोधनों के संबंध में संविधान में संशोधन करने की शक्ति
- ✓ 4. अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि, वन और सामाजिक रीति-रिवाजों को विनियमित करने की शक्ति

**Q.15** भारत ने 21 मई 2025 को आयोजित 9वीं ब्रिक्स उद्योग मंत्रियों की बैठक (9th BRICS Industry Ministers' Meeting) में किस देश की अध्यक्षता में भाग लिया?

**Ans**
- ✗ 1. दक्षिण अफ्रीका (South Africa)
- ✓ 2. ब्राज़ील (Brazil)
- ✗ 3. रूस (Russia)
- ✗ 4. यू.ए.ई. (UAE)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन पाल वंश का संस्थापक था?

**Ans**
- ✗ 1. भोज (Bhoja)
- ✗ 2. ध्रुव (Dhruva)
- ✗ 3. धर्मपाल (Dharmapala)
- ✓ 4. गोपाल (Gopala)

**Q.17** निम्नलिखित में से किस योजना का उद्देश्य, गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रदान करना और उन्हें नियमित मासिक मजदूरी या न्यूनतम मजदूरी से अधिक वाले जॉब प्रदान करना है?

**Ans**
- ✗ 1. गरीब कल्याण रोजगार योजना (GKRY)
- ✗ 2. प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP)
- ✗ 3. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)
- ✓ 4. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY)

**Q.18** 1991 के बाद भारत में औद्योगिक क्षेत्र के संरचनात्मक सुधारों को प्रभावित करने में किस संस्था ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

**Ans**
- ✓ 1. आई.एम.एफ और विश्व बैंक (IMF and World Bank)
- ✗ 2. आर.बी.आई (RBI)
- ✗ 3. नाबार्ड (NABARD)
- ✗ 4. डब्ल्यू.टी.ओ (WTO)

**Q.19** किस लेखिका ने 2025 में अपनी दिवंगत मां के साथ अपने संबंधों को दर्शाते हुए संस्मरण 'मदर मैरी कम्स टू मी (Mother Mary Comes to Me)' को प्रकाशित किया?

**Ans**
- ✓ 1. अरुंधति रॉय
- ✗ 2. झुम्पा लाहिड़ी
- ✗ 3. अनिता देसाई (Anita Desai)
- ✗ 4. किरण देसाई

**Q.20** अप्रैल 2025 में भारतीय वायु सेना (IAF) द्वारा राफेल और Su-30MKI जैसे उन्नत लड़ाकू विमानों का उपयोग करके पहाड़ी और ज़मीनी ठिकानों पर हमलों का अनुकरण करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अभ्यास किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. मेघदूत (Meghdoot)
- ✗ 2. गगन शक्ति (Gagan Shakti)
- ✗ 3. वायु शक्ति (Vayu Shakti)
- ✓ 4. आक्रमण (Aakraman)

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, महासागरीय धाराओं को प्रभावित नहीं करता है?

Ans
- ✗ 1. तापमान में अंतर
- ✗ 2. पवन
- ✓ 3. मृदा प्रकार
- ✗ 4. पृथ्वी का घूर्णन

Q.22 भारतीय सेना के मराठा लाइट इन्फैंट्री के मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू को 25 मई को निम्नलिखित में से किस सम्मान से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ 1. कीर्ति चक्र (मरणोपरांत)
- ✗ 2. शौर्य चक्र (मरणोपरांत)
- ✗ 3. शौर्य चक्र
- ✓ 4. कीर्ति चक्र

Q.23 गवर्नर जोसेफ फ्रेंकोइस डुप्लेक्स (Joseph Francois Dupleix) ने निम्नलिखित में से किस यूरोपीय शक्ति की सेनाओं का नेतृत्व किया था?

Ans
- ✓ 1. फ्रांसीसी
- ✗ 2. ब्रिटिश
- ✗ 3. पुर्तगाली
- ✗ 4. डच

Q.24 ब्रिटिश शासन के दौरान भारत के विदेशी व्यापार संरचना में काफी परिवर्तन आया। औपनिवेशिक काल के दौरान, भारत मुख्य रूप से किस प्रकार के माल (goods) का निर्यात करता था?

Ans
- ✗ 1. पूँजीगत माल (Capital goods)
- ✗ 2. विनिर्मित माल (Manufactured goods)
- ✓ 3. कच्चा माल (Raw materials)
- ✗ 4. ऑटोमोबाइल (Automobiles)

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज अपने रोधी गुणधर्मों के लिए जाना जाता है और इसका उपयोग विद्युत उद्योगों में किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. लौह अयस्क
- ✓ 2. अभ्रक
- ✗ 3. बॉक्साइट
- ✗ 4. चूना पत्थर

Q.26 तीन समान गुणों वाले तत्वों के समूह को डॉबेराइनर ने क्या नाम दिया है?

Ans
- ✗ 1. त्रिकोण
- ✓ 2. त्रिक
- ✗ 3. त्रिगुण
- ✗ 4. ट्रायोड

Q.27 भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस अनुच्छेद को सामान्यतः न्यायिक समीक्षा के लिए संवैधानिक आधार के रूप में उद्धृत किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 30
- ✓ 2. अनुच्छेद 13
- ✗ 3. अनुच्छेद 19
- ✗ 4. अनुच्छेद 370

Q.28 ओजोन-क्षयकारी पदार्थों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे?

Ans
- ✗ 1. अर्थ समिट
- ✗ 2. क्योटो प्रोटोकॉल
- ✓ 3. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल
- ✗ 4. बेसल कन्वेंशन

Q.29 चेन्नई में निम्नलिखित में से कौन-सी, औपनिवेशिक युग की इमारत ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन (Greater Chennai Corporation) के मुख्यालय के रूप में कार्य करती है?

Ans
- ✗ 1. उच्च न्यायालय
- ✗ 2. सरकारी संग्रहालय
- ✓ 3. रिपन बिल्डिंग
- ✗ 4. फोर्ट सेंट जॉर्ज

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में औपनिवेशिक काल के दौरान अंग्रेजों द्वारा शुरू किए गए सामाजिक विधिनिर्माण का एक उदाहरण है?

Ans
- ✗ 1. वर्नाकुलर प्रेस अधिनियम
- ✗ 2. रॉलेट अधिनियम
- ✓ 3. विधवा पुनर्विवाह अधिनियम
- ✗ 4. भारतीय परिषद अधिनियम

Q.31 फरवरी 2025 में, चीन द्वारा संचालित तांबे की खान से एसिड रिसाव (acid spill) के कारण जाम्बिया की कौन-सी प्रमुख नदी, प्रदूषित हो गई थी?

Ans
- ✓ 1. काफू नदी (Kafue River)
- ✗ 2. लुआंगवा नदी (Luangwa River)
- ✗ 3. ज़ाम्बेज़ी नदी (Zambezi River)
- ✗ 4. चंबेशी नदी (Chambeshi River)

Q.32 फ़ाइल या फ़ोल्डर बनाते समय क्या आवश्यक है?

Ans
- ✓ 1. नाम
- ✗ 2. डेस्कटॉप शॉर्टकट
- ✗ 3. पासवर्ड
- ✗ 4. ईमेल ID

Q.33 M23 विद्रोही समूह, जो हाल ही में गोमा और बुकावु जैसे पूर्वी क्षेत्रों में आगे बढ़ा है, निम्नलिखित में से किस देश में सक्रिय है?

Ans
- ✓ 1. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य
- ✗ 2. दक्षिण सूडान
- ✗ 3. कांगो गणराज्य
- ✗ 4. मध्य अफ्रीकी गणराज्य

Q.34 रवींद्रनाथ टैगोर की "गीतांजलि", जिसे 1913 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था, को लेखन की किस शैली के रूप में सर्वोत्तम रूप से वर्गीकृत किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. एक नाटक
- ✗ 2. लघु कहानियों का संग्रह
- ✓ 3. कविताओं का संग्रह
- ✗ 4. एक उपन्यास

Q.35 ऐश्युली (Acheulian) सांस्कृतिक परंपरा, मुख्यतः पत्थर के किस प्रकार के उन्नत और सममित औजारों के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
1. ब्लेड और वेधक (Blades and borers)
2. छेनी और बसूला (Chisels and adzes)
3. विदारणी और हाथ की कुल्हाड़ी (Cleavers and hand-axes) ✔
4. लघु पाषाण उपकरण और खुरचनी (Microliths and scrapers)

Q.36 किस भारतीय पैरा-एथलीट को हाई जंप (high jump) में उनकी उपलब्धियों के लिए 2025 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
1. शरद कुमार
2. मरियप्पन थंगावेलु
3. वरुण सिंह भाटी
4. प्रवीण कुमार ✔

Q.37 मार्च 2025 में भारत द्वारा परीक्षण की गई नई 'अग्नि-प्राइम (Agni-Prime)' मिसाइल की विशिष्ट विशेषता क्या है?

Ans
1. कनस्तर लांच और नई सामग्री (Canister launch and new materials) ✔
2. पनडुब्बियों से लॉंच करना (Launched from submarines)
3. कई लक्ष्यों पर एक-साथ प्रहार करना (Hits many targets)
4. क्रायोजेनिक इंजन (Cryogenic engine)

Q.38 निम्नलिखित में से किसने, लिम्फेटिक फाइलेरियासिस (Lymphatic Filariasis) के लिए पूरे देश में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान (Nationwide Mass Drug Administration Campaign) प्रारंभ किया?

Ans
1. शिवराज सिंह चौहान
2. अमित शाह
3. जगत प्रकाश नड्डा ✔
4. चिराग पासवान

Q.39 निम्नलिखित में से किस भारतीय क्षेत्र में बर्फीली सर्दियाँ और शीतल ग्रीष्म ऋतु वाली अल्पाइन जलवायु प्रमुख रूप से पाई जाती है?

Ans
1. थार मरुस्थल
2. उत्तरी मैदान
3. हिमालय पर्वत ✔
4. पश्चिमी घाट

Q.40 भारत के पहाड़ी और वन क्षेत्रों में परिक्षिप्त बस्तियों के निर्माण को कौन-सा भौतिक कारक सबसे अधिक प्रभावित करता है?

Ans
1. रेलवे नेटवर्क
2. भाषा विविधता
3. ऊँचाई और भू-भाग ✔
4. औद्योगिक विकास

## Section : **Mathematics**

Q.1 संख्या 4.7 और 0.04 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9.4 ✔
2. 94
3. 0.094
4. 0.94

**Q.2** △ABC में, D पर BD ⊥ AC तथा ∠DBC = 44° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 23° है। ∠AEB की माप कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 56°
- ✗ 2. 64°
- ✓ 3. 69°
- ✗ 4. 77°

**Q.3** एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 43 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 14 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 36.21
- ✗ 2. 35.21
- ✗ 3. 33.21
- ✓ 4. 34.21

**Q.4** √(1.0201) का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 101
- ✓ 2. 1.01
- ✗ 3. 1.02
- ✗ 4. 10.1

**Q.5** यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 18% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 141% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 74%
- ✗ 2. 43%
- ✗ 3. 92%
- ✓ 4. 62%

**Q.6** ज़ीशान, 612 km की यात्रा 68 km/hr की चाल से, अगली 312 km की यात्रा 39 km/hr की चाल से और उससे अगली 620 km की यात्रा 62 km/hr की चाल से करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितना है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**
- ✗ 1. 51.18
- ✓ 2. 57.19
- ✗ 3. 58.22
- ✗ 4. 66.13

**Q.7** ₹500 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को ₹425 में बेचा जाता है। छूट प्रतिशत कितनी है?

**Ans**
- ✓ 1. 15%
- ✗ 2. 14%
- ✗ 3. 13%
- ✗ 4. 12%

**Q.8** 9 cm, 12 cm और 15 cm भुजा वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 42 $cm^2$
- ✗ 2. 48 $cm^2$
- ✓ 3. 54 $cm^2$
- ✗ 4. 60 $cm^2$

Q.9 आदित्य 150 m ऊँचे एक लाइट हाउस पर खड़ा है और अपने दोनों ओर क्रमशः 30° और 60° के अवनमन कोण से दोनों नावों को देख रहा है। दोनों नावों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $200\sqrt{3}$ m
✘ 2. 300 m
✘ 3. $150\sqrt{3}$ m
✘ 4. 250 m

Q.10 P की वर्तमान आयु का तीन गुना, Q की वर्तमान आयु से 23 वर्ष अधिक है। 7 वर्ष बाद, Q की आयु का छह गुना, उस समय P की आयु के छह गुना से 30 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 11
✔ 2. 4
✘ 3. 8
✘ 4. 3

Q.11 सलिल के वेतन में पहले 25% की कमी की गई और बाद में 12% की वृद्धि की गई। उसका अंतिम वेतन उसके शुरुआती वेतन से कितने प्रतिशत कम था?

Ans
✘ 1. 3%
✘ 2. 12%
✔ 3. 16%
✘ 4. 25%

Q.12 पाइप A एक टंकी को 15 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 27 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 10 घंटे में भर सकता है। यदि तीनों पाइप को एक साथ खोल दिया जाए तो उसी टंकी को भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
✔ 1. $4\frac{10}{11}$ घंटे
✘ 2. $8\frac{10}{11}$ घंटे
✘ 3. $9\frac{10}{11}$ घंटे
✘ 4. $12\frac{10}{11}$ घंटे

Q.13 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹1,500 है तथा इसे ₹1,200 में बेचा जाता है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 25%
✘ 2. 15%
✔ 3. 20%
✘ 4. 30%

Q.14 ₹30,600 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि A के हिस्से का 8 गुना = B के हिस्से का 4 गुना = C के हिस्से का 3 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹5,377
✘ 2. ₹5,252
✔ 3. ₹5,400
✘ 4. ₹5,594

Q.15 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$2\left(\left(\frac{6}{2}\right)x^2 - 22x + 15\right) - 6(x^2 + 5x - 18)$$

Ans
1. 74x + 138
2. −74x − 138
3. −74x + 138 ✔
4. 74x − 138

Q.16 संख्या 541096943 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 107
2. 87
3. 97 ✔
4. 103

Q.17 संख्या 718754023 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 13 ✔
2. 21
3. 18
4. 3

Q.18 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹5,300 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7,420
2. 1,060
3. 5,300
4. 3,180 ✔

Q.19 एक आदमी एक दर्शनीय स्थल तक पैदल जाता है और अपनी कार से एकसमान चाल से प्रारंभिक बिंदु पर लौटता है और इस प्रकार, उसे कुल 4 घंटे 45 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ कार से यात्रा करने पर उसे 2 घंटे कम लगते हैं। समान पैदल चाल से दोनों तरफ की यात्रा करने में उसे कितना समय लगेगा?

Ans
1. 6 घंटे 45 मिनट ✔
2. 5 घंटे 45 मिनट
3. 6 घंटे 30 मिनट
4. 7 घंटे 15 मिनट

Q.20 एक विक्रेता 20% की हानि पर गेहूँ बेचने का दावा करता है, लेकिन वह उल्लेखित वज़न से 35% कम वज़न का उपयोग करके बेईमानी करता है। उसका वास्तविक लाभ प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 21.33%
2. 24.74%
3. 24.72%
4. 23.08% ✔

Q.21 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 462 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24
2. 22 ✔
3. 21
4. 23

Q.22 65 का 65%, 25 के $\frac{2}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
- ✗ 1. 30.25
- ✗ 2. 26.25
- ✓ 3. 32.25
- ✗ 4. 29.25

Q.23 ₹1,200 पर 4% मासिक ब्याज दर से 12 माह का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. ₹48
- ✗ 2. ₹576
- ✗ 3. ₹96
- ✗ 4. ₹68

Q.24 यदि 16 और 40 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 101
- ✓ 2. 100
- ✗ 3. 99
- ✗ 4. 102

Q.25 A, B और C ने क्रमशः 8 : 36 : 76 के अनुपात में धनराशि का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में उन्होंने कुल ₹3,030 का लाभ अर्जित किया, तो B और C के हिस्सों के बीच अंतर कितना है?

Ans
- ✗ 1. ₹993
- ✗ 2. ₹1,051
- ✗ 3. ₹1,046
- ✓ 4. ₹1,010

Q.26 ₹4,000 की धनराशि पर 7.5% वार्षिक दर से 8 फरवरी 2024 से 9 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 50
- ✗ 2. 48
- ✗ 3. 49
- ✗ 4. 51

Q.27 [135 ÷ {25 + 5 × (7 − 3)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2
- ✗ 2. 5
- ✗ 3. 4
- ✓ 4. 3

Q.28 393 और 401 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 2
- ✗ 2. 3
- ✗ 3. 1
- ✗ 4. 7

Q.29 37 विद्युत बल्ब ₹37 में खरीदे गए, और 19 विद्युत बल्ब परिवहन के दौरान टूट गए। व्यापारी ने शेष विद्युत बल्ब, ₹3.90 प्रति विद्युत बल्ब की दर से बेच दिए। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹23.60
- ✓ 2. ₹33.20
- ✗ 3. ₹33.90
- ✗ 4. ₹39.80

Q.30 4 पुरुष किसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 महिलाएं इसे 16 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 6 महिलाएं और 5 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
✔ 1. 4 दिन
✘ 2. 3 दिन
✘ 3. 5 दिन
✘ 4. 6 दिन

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) @ + 1 < 9 6 9 2 % \ $ \ + 2 & $ 3 2 ^ 9 9 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

Ans
✘ 1. दो
✔ 2. तीन
✘ 3. एक
✘ 4. चार

Q.2 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी त्रिभुज, कंपास हैं।
सभी वर्ग, कंपास हैं।

निष्कर्ष:
**(I)** कुछ त्रिभुज, वर्ग हैं।
**(II)** कुछ कंपास, वर्ग हैं।

Ans
✘ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✔ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.3 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 6 12 20 ?

Ans
✘ 1. 35
✘ 2. 25
✘ 3. 40
✔ 4. 30

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. EY-GZ
✘ 2. YS-AT
✔ 3. PJ-RI
✘ 4. KE-MF

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं?

कथन:
सभी बाल्टी, मग हैं।
सभी मग, कैन हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कैन, मग हैं।
(II) सभी बाल्टी, कैन हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.6 गौतम बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है फिर वह 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 2 km पूर्व की ओर
✗ 2. 3 km पूर्व की ओर
✓ 3. 2 km पश्चिम की ओर
✗ 4. 3 km पश्चिम की ओर

Q.7 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
ERT : FSV
RDX : SEZ

Ans
✗ 1. DUC : EVD
✗ 2. IOP : JPS
✗ 3. EOC : FPF
✓ 4. UHS : VIU

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. LPUB
✗ 2. CGLS
✗ 3. QUZG
✓ 4. BEKR

Q.9 यदि + का अर्थ −, − का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

75 × 5 + 11 − 2 ÷ 18 = ?

Ans
✗ 1. 17
✗ 2. 26
✓ 3. 11
✗ 4. 21

**Q.10** दिवेश बिंदु D से दौड़ना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 3 km दौड़ता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km दौड़ता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km दौड़ता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 4 km दौड़ता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है और बिंदु E तक पहुंचने के लिए 1 km दौड़ता है। बिंदु D तक फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में दौड़ना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
- ✗ 1. 6 km उत्तर
- ✗ 2. 3 km उत्तर
- ✗ 3. 4 km उत्तर
- ✓ 4. 7 km उत्तर

**Q.11** सात व्यक्ति, I, J, K, L, P, Q और R, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। K के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L और J के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P, I के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। Q, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। R के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. दो
- ✓ 4. एक

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

ZY 43 VU 40 RQ 35 NM 28 ?

Ans
- ✗ 1. KJ 19
- ✓ 2. JI 19
- ✗ 3. JI 18
- ✗ 4. KJ 18

**Q.13** यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$64 \times 8 + 6 - 6 \div 33 = ?$

Ans
- ✗ 1. 10
- ✗ 2. 20
- ✓ 3. 5
- ✗ 4. 15

**Q.14** सात बॉक्स U, V, W, X, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। U को V के ठीक ऊपर रखा गया है। X को W के ठीक ऊपर रखा गया है। G के ऊपर केवल E को रखा गया है। U के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। X को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। F और E के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. चार
- ✓ 4. तीन

**Q.15** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से HDLI का संबंध FBJG से है। उसी तरीके से, KGOL का संबंध IEMJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NJRO का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✓ 1. LHPM
- ✗ 2. LHMP
- ✗ 3. HLPM
- ✗ 4. HLMP

**Q.16** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WRM RMH MHC HCX ?

**Ans**
- ✔ 1. CXS
- ✘ 2. CDX
- ✘ 3. CSX
- ✘ 4. CXD

**Q.17** संख्या 7314685 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंकों का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✔ 1. 10
- ✘ 2. 7
- ✘ 3. 9
- ✘ 4. 6

**Q.18** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

108 122 139 159 182 208 ?

**Ans**
- ✘ 1. 222
- ✘ 2. 229
- ✔ 3. 237
- ✘ 4. 248

**Q.19** सात व्यक्ति, G, H, I, J, K, L और S, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I, J के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। J और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K, H के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। S के दाएं से गिनती करने पर K और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✘ 1. तीन
- ✘ 2. चार
- ✘ 3. एक
- ✔ 4. दो

**Q.20** निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनें, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।
LIVE – ELVI – LEIV
HANG – GHNA – HGAN

**Ans**
- ✘ 1. PAIN – NPIA – PANI
- ✔ 2. DUSK – KDSU – DKUS
- ✘ 3. PORT – TPOR – ORTP
- ✘ 4. REDS – ERDS – SEDR

**Q.21** सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F के ठीक ऊपर G को रखा गया है। A के ठीक ऊपर C को रखा गया है। B के ऊपर केवल E को रखा गया है। G के ऊपर केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। C को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। B के ऊपर कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans**
- ✔ 1. 1
- ✘ 2. 3
- ✘ 3. 4
- ✘ 4. 2

Q.22 A, S का भाई है। S, L की पुत्री है। L का विवाह K से हुआ है। K, D की पुत्री है। D, P का पिता है। P, R की बहन है। R का विवाह N से हुआ है। D का S से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पिता
- ✗ 2. पिता के पिता
- ✗ 3. पिता के भाई
- ✓ 4. माता के पिता

Q.23 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CAME' को '6781' तथा 'RACE' को '5618' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ 1. 1
- ✓ 2. 5
- ✗ 3. 6
- ✗ 4. 8

Q.24 संख्या 5341289 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. दो
- ✗ 3. एक भी नहीं
- ✗ 4. एक

Q.25 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
91, 102, 119, 142, 171, ?

Ans
- ✗ 1. 214
- ✗ 2. 204
- ✓ 3. 206
- ✗ 4. 215

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. QVP
- ✗ 2. SXR
- ✓ 3. NSL
- ✗ 4. LQK

Q.27 प्रणय अपनी कक्षा में शीर्ष से 14वें स्थान पर तथा नीचे से 44वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ 1. 56
- ✗ 2. 58
- ✓ 3. 57
- ✗ 4. 55

**Q.28** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/ 13 में से घटाना/ 13 से गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(19, 31, 55)
(14, 26, 50)

**Ans**
✔ 1. (48, 60, 84)
✘ 2. (18, 32, 54)
✘ 3. (15, 30, 45)
✘ 4. (13, 26, 43)

**Q.29** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 629 189 586 643 746 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि प्रत्येक संख्या के पहले अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली कितनी संख्याओं में पहला अंक दूसरे अंक से पूर्णतः विभाज्य होगा?

**Ans**
✔ 1. दो
✘ 2. एक
✘ 3. एक भी नहीं
✘ 4. तीन

**Q.30** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BORN' को '3257' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'RIPE' को '6142' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
✘ 1. 4
✘ 2. 6
✘ 3. 5
✔ 4. 2